1153 मया (सप्तवार प्रयुक्तम उ० **17 3 14 27, 28 3 13 46, 31 2 12 22, 33 4 25 48, 45 2 8 42, 46 3 11 31 , 50 4 31 47**), अस्मत्+टा, सवनाम, ततीया, एकवचन, अह मपि सापराधस्त्वदीय पादप्रहार अभिलषामि इत्यथ (पचिका 17) मया सह—मेरे साथ अर्थात मेरे समान। जसे मैं तुम्हारी भाभी के वाम (=सु दर) परा की लात खाना चाहता हूँ और उसके मुख की झूठी मदिरा पीकर मस्त होना चाहता हू उसी प्रकार। सति- –पा० भे० हे पतिव्रते। इसमे यक्ष को सम्बोधित किया है। 'मया पद से वणन मे विशेष शक्ति आ जाती है। निशि–रात मे। इस पाठ का भाव 'स्वप्न' पद मे ही आ जाता है। अपि च–इसके यौगिक अथ की ध्वनि– (नितरा श्यति तनूकरोति व्यापारान नि+√शो+क) प्रकरण के विरुद्ध जाती है। कवि ऐसा पद प्रयुक्त नही करते है। सति। पा० भे० यहा पर 'सति' सम्बोधन बहुत ही व्यञ्जक है। इसकी व्युत्पत्ति है–"अहित एकस्मिन पत्यौ। √'अस भुवि (अदा०) शतो शतप्रत्यये "श्नसोरल्लोप" (6 4 111)—इति 'उगितश्च' (4 1 6) इति च ङीपि सतीति सिद्धम।" 'अमरकोश' का कथन है—"सुचरित्रा तु सती साध्वी पतिव्रता।" अथवा 'सती' भगवान शिव की प्रथम पत्नी का शुभनाम था। उ होन पति के प्रति कहे गये अपशब्दो एव तिरस्कार वाक्यो को न सह पाने के कारण प्राणत्याग कर दिया था। तादृश पातिव्रत्य धम मयत्व द्योतित करने के लिए अभेदोपचार से यहा यह सम्बोधन प्रस्तुत किया जा सकता है। मैथिली मे कवि ने उसकी समता प्रस्तुत ही कर रखी थी। सती भी कहकर पाविव्र्यातिशय द्योतित कर दिया।

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग नवासी बार हुआ है। मघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रथा म इसका प्रयोग इस प्रकार है —शाकु० (23) रघु० (20) मालवि० (16) विक्रम० (15) कुमार० (8),

विस्तत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सपादक की कृति कालिदास पदकोश'।

1154 मयि (पञ्चवार प्रयुक्तम **उ० 22 2 8 15, 33 1 4 4, 36 3 17 35, 51 2 9 16, 54 2 11 25**), अस्मत+ङि, सवनाम, सप्तमी, एकवचन, मयि विषये (मजी 51), मयिविषये सजी 54) मद्विषये, (सुबोधा) स्नेह के योग मे सप्तमी आई है।

कालिदास की कृतिया मे प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रन्थो मे इसका प्रयोग इस प्रकार है —शाकु० (8) रघु० (8) मालवि० (4) विक्रम० (4) कुमार० (1)

विस्तत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश'।

1155 मयूरम (पू० **47 3 14 40**) सज्ञा, शिखिनम। मयूर को।

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० मे एक बार (9 66) हुआ है।

1156 मरकतमणीन (पू० **34 2 7 15**) मरकत+शस+मणि+शस, द्व द्व, सज्ञा, द्वितीया, बहुवचन, गारुडरत्नानि (सजी)

1157 मरकतशिलाबद्धसोपानमार्गा (उ० **15 1 4 12**, मरकत+जस+शिला+भिस्+बद्ध+सु +सोपानमार्ग+टाप+सु, बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, एकवचन, मरकता येव शिला ताभि बद्ध सोपानमार्गो यस्या सा (चरित्र), मरकतशिलाभि बद्ध सोपानमार्गो यस्या सा तथोक्ता (सजी०), मरकतमणिशिलाभि बद्धो रचित सोपानमार्गो यस्या (पचिका), मरकतशिलाभि रिन्द्रनीलमणिभिबद्धो विरचित सोपानमार्गो आरोहणपथ यस्या सा तथा (सुबोधा), 'मरकतस्य शिला, मरकतशिला। ताभिबद्धा मरकतशिलाबद्धा। सोपानानाम मार्गा सोपानमार्गा।

Sampath_eBooks

'मरकतशिलाबद्ध सोपानमार्गा यस्या सा ।' आजकल भी पत्थर के अनगढ़ टुकडो को चौकोर गढ कर एक जैसी मुटाई की शिलाएँ बना ली जाती है और फिर उनको जमाते चले जाते हैं। इस प्रकार पत्थर की पट्टियो से छत, कार्निश आदि बनाते है। घाटो पर भी पत्थर की या सीमेंट को जमा करके बनायी गयी पट्टियो के द्वारा उतरने चढने की सीढिया बनाई जाती है। इसी विधा से कालिदास के यक्ष के सगरे मे भी चारो ओर जीनो के रास्ते मरकत अर्थात् पन्ने की चौकोर पटियो से बनाये गये थे। गाढे हरे रग की इन शिलाओ से घटित सोपान पक्तियो की नयनसुभगता एव गहरे जल के हरे रग से तादात्म्य होने के नाते एक जबरदस्त एकरूपता (Symetry) की कल्पना कालिदास ने की है।

158 **मरुद्भि** (द्विवार प्रयुक्तम्) उ० 6 1 4 6, पू० 36 4 16 69, मरुत्+भिस, सज्ञा, तृतीया बहुवचन, मारुत (सजी) वात (सुबोधा), उद्यानस्थ त्वाम मारुत प्रीणयिष्यति इत्यान्नूतम (सुबोधा) वायुओ से। मरुतो का रुद्र=शिव का पुत्र कहा गया है।—(ऋ० 5 52 16, 5 60 5 इत्यादि)। पौराणिक सम्प्रदाय मे रुद्रो की सख्या 49 बताई गई है। श्री साधुराम इस पद्य को प्रक्षिप्त समझते है। उनके विचार से सहमति सम्भव नही। मन्दिरो मे उद्यान भी बहुधा होते है और स्नानागार भी। शिव के साथ उसके सेवको की सत्ता अनिवार्य है। अत महाकाल का यह वर्णन यथार्थ ही प्रतीत होता है। इसमे कलास की स्थिति की झलक देखना आवश्यक ही है।

मरुत्=पवन। वेद म मरुत रुद्र के पुत्र है। अत यहा पर इस पद का प्रयोग रुद्र=शिव से मरुतो के सम्बन्ध के कारण साभिप्राय है। ये वायुएँ दु ख, स ताप को दूर करने वाली, और सुखदायिनी है—कल्याणकारिणी (शिव) है।

ब्राह्मण ग्रथो ने मरुत के अनेको अर्थ दिए है। उनमे किरणें, देवताओ के वर्णिक्, वैश्य, कृषक, दानवीर, पशु अन्न, प्राण, पत्थर जल मुख्य है। (नारिकेल के जल का नाम भी 'मरुत' है। साहित्यिक (—लौकिक) सस्कृत मे मरुत के अर्थ बहुत सकुचित हो गये हैं। अब इसके मुख्य अर्थ वायु और देवता ही है। मरुतो की सख्या 49 बताई जाती है। पू० मे० 37 के गण' तथा 'मरुद्भि' पदा पर भी टिप्पणी देखें।

कालिदास की कृतियों मे प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त रघु० मे इसका प्रयोग दो बार (5 42, 6 57) हुआ है।

159 **मलिनवसने** (उ० 25 1 3 7), मलिन+सु+वसन+ङि, बहुव्रीहि, विशेषण, सप्तमी, एकवचन, मलिन वसन वस्त्र यस्य स तस्मिन। एतेन पातिव्रत्य ज्ञापितम। (चरित्र), 'प्रोषिते मलिना कृशा' इति शास्त्रादित्यर्थ (सजी), धूसराम्बरे (पचिका), कृष्ण म्लान वसन वस्त्र यत्र तादशे, मलिन वसनत्व विरहिणी स्वभाव (सुबोधा), उक्तञ्च "मलिनाम्बर सवीतेत्यादि" (सुबोधा 25) सादा कपडो वाली। प्रोषितभतकाये सादा कपडे ही पहन सकती है। चमकीले और दिखावटी कपडे नही पहन सकती। यह साभिप्राय विशेषण है, इससे विरहिणी यक्षपत्नी का पातिव्रत्य धर्म अभिव्यक्त होता है। 'मलिनानि वसनानि यस्मिन तस्मिन।' याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार प्रोषितभतका को शरीरसस्कार त्याग देना चाहिए (1 84)। यहा यक्षाङ्गना को पतिव्रता प्रोषितपतिका द्योतित करने के लिए कवि ने 'मलिनवसने' विशेषण उत्सङ्ग का रखा है। शास्त्रानुसार पतिव्रता को पति के आत होने पर आर्ता, प्रसन्न होने पर मुदिता, बाहर चले जाने पर मलिन और कृश, दिवगत हो जाने पर सती होना चाहिए। "आर्ताऽऽर्ते मुदिता हृष्टे प्रोषिते मलिना कृशा। मृते म्रियेत या पत्यौ सा स्त्री ज्ञेया पतिव्रता"। इसीलिए उसकी गोद को मैले कपडो—नीवी, अधोवस्त्र, परिधान आदि—से युक्त दिखाया गया है। इससे ध्वनि

Sampath_eBooks

निकलती है कि वह एकवेणी, धरणि-शायिनी और शुद्धस्नानादिकारिणी थी। चूकि वह शरीर सस्कार नही करती थी और कपडे नही बदलती थी साथ ही भूशायिनी थी इसी से सारे कपडे तक धूलि धूसर हो चले थे।

1160 महाकालम (पू० 37 1 4 6) महाकाल+अम, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, इदमुज्जयि या ईश्वरस्य स्थानम् (प्रदीप), देवस्थानविशेषम् (चरित्र), महाकाल नाम पूर्वोक्त चण्डीश्वरस्थानम (सजी) महाकालमिति स्थानस्य सज्ञा, 'असौ महाकालनिकेतनस्य वस नदूरे किल चन्द्रमौल। तमिस्रपक्षऽपि सह प्रियाभिर्ज्योत्स्नावतो निर्विशति प्रदोषान॥' इत्युक्तत्वात् (विद्युल्लता),

यह उज्जयिनी के शिव जी के मन्दिर और उसमे स्थापित महादेव की मूर्ति का नाम है। यह द्वादश ज्योतिर्लिङ्गो मे से एक है। ये ज्योतिर्लिङ्ग इस प्रकार है—

सौराष्ट्रे सोमनाथ च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम।
उज्जयि या महाकालमोकारपरमेश्वरम।
केदार हिमवत्पृष्ठे डाकि या भीमशकरम।
वाराणस्या च विश्वेश त्र्यबक गौतमी तटे॥
वद्यनाथ चिताभूमौ नागेश दारुकावने
सेतुबन्धे च रामेश घुमेश च शिवालये॥
एतेषां दर्शनादेव पातक नैव तिष्ठति॥

महाकाल उज्जयिनी मे एक तीर्थ है, जहाँ शिव जी की एक मूर्ति भी है। यह द्वादश ज्योतिर्लिङ्गो मे से एक है। महाकाल शिवजी को भी कहते हैं और उनके तीथस्थान का भी यही नाम है। देखिये, रघु० VI 34 असौ महाकालनिकेतनस्य वसन्नदूरे किल चन्द्रमौले।

1161 महीम (पू० 11 1 5 7) मही+अम, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, भूमात्रमेव, न पुनर्देशविशेषम (विद्युल्लता), पृथिवीम् (सुबोधा)

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग छह बार किया गया है। मेघदूत के अतिरिक्त रघु० मे इसका प्रयोग पाँच बार (4 63, 6 75, 12 7, 18 29, 18 43) हुआ है।

1162 मा (षड्वार प्रयुक्तम् **पू० 28 2 9 40, 40 4 15 50, उ० 36 3 13 29, 48 2 13 17, 51 2 6 11, 54 4 19 47**), अव्यय, न (सजी 28), मा भूरिति निषधमुखेन प्रतिपादनम, अप्रविश्य गमन मनसापि न चिन्तनीयमिति द्योतयितुम् (विद्युल्लता 28), नैव (सुबोधा 28), नव (सुबोधा 40), मा भूत, भुजावेव बाहु लते पत्यौ तयोग्रथिव बोऽ यो यमलिन (सुबोधा 36) न (सुबोधा 51), नैव (सुबोधा 54)

मा स्म के योग मे लुड और लड लकार आते है। यहाँ पर लुड का प्रयोग है। ऐसी अवस्था मे धातु के रूप के 'अ' आगम का लोप हो जाता है। 'स्म' के स्थान पर 'च' पाठ अच्छा है, क्योकि इससे पिछले दो वाक्यो से इस वाक्य का सम्बन्ध स्थापित हो जाता है।

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग पचास बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्रथो मे इसका प्रयोग इस प्रकार है — शाकु० (16) विक्रम० (13) रघु० (7) मालवि० (7) कुमार० (1)

विस्तत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश'।

1163 माधवीमण्डपस्य (उ० 17 2 9 22) माधवी+आम्+मण्डप+ङस, तत्पुरुष, सज्ञा, षष्ठी, एकवचन, माधवी अतिमुक्त। माधवी वेष्टित मण्डपस्य इत्यर्थ (प्रदीप), माधव्या वासन्त्या, मण्डपस्य (चरित्र), मधौ वसन्ते भवा माधव्यस्तासां मण्डपस्तस्य अतिमुक्तलतागहस्य। 'अति

Sampath_eBooks

मुक्त पुण्ड्रक स्याद वासन्ती माधवी लता' इत्यमर । (सजी) माधवीलतामण्डपस्य (पचिका) वासन्तीलतागृहस्य 'वासन्तीमाधवीलते''ति चाम । (सुबोधा) अतिमुक्तक वेल । यह वसन्त मे खिलती है । इसे भी कवियो ने जी खोलकर अपनाया है । अतिमुक्तलतागृह कुरबक पुष्प की बाड से घिरा हुआ था । अतिमुक्तलता को माधवी इसीलिए कहते है, क्योकि यह मधु (वसन्त) मे पुष्पित होती है ।

माधवी की व्युत्पत्ति है 'मधु' यानी वसन्त मे खिलने वाली 'मधु+अण्+ङीप्' 'मधौ वसन्ते भवा माधव्य —मल्लिनाथ) यह सज्ञा के रूप मे प्रयुक्त हुआ है । हलायुध मे पर्याय दिये गये हैं–अतिमुक्तकमिच्छन्ती वासन्ती माधवीलता । अमरकोश मे 'पुण्ड्रक' की एक पर्याय बताया गया है । 'अतिमुक्तक मालिय' की लता का कहा जाता है । इसके फूल मल्लिनाथ दीक्षित के अनुसार सफेद होते है और क्षीरस्वामी के अनुसार लाल । हो सकता है कि ये दोनो इसकी किस्मे हो । यहा समास विग्रह इस प्रकार करना होगा 'माधवीभि निर्मित माधवीनिर्मित मण्डपो माधवी मण्डप ।' 'समानाधिकरणाधिकारे शाकपार्थिवादीनामुपसङ्ख्यानमुत्तरपदलोपश्च'—इस वार्तिक के अनुसार 'निर्मित' का लोप हो गया है । यहा माधवीमण्डप से आशय है मोतियो के 'लतामण्डप' या 'लीलागृह' से जहा धूप और बारिश का असर न हो सके और यौवन की उद्दाम लीलाये तथा क्रीडासर की सुषमाओ की आकण्ठ पानक्रियाये चलती रहे । जरा व्युत्पत्ति पर ध्यान दें–'√मडि भूषायाम्' से 'करणे घञ्' और 'मण्ड पातीति क' । अर्थात जिस जगह प्रसाधनो और भूषाओ की सुरक्षा रह सके उसे 'मण्डप' कहेगे ।

1164 मानयिष्यन (पृ० 48 3 12 48) मन+णिच्+लट+शतृ+सु, कर्तृ (क्रिया), प्रथमा, एकवचन, पूजयिष्यन् (चरित्र), सत्कारयिष्यन् (सजी), पूजयिष्यन्, अनेन जलपानतृष्णाभावेऽपि धार्मिकस्य राजर्षे सत्काराथमपि तत्रावतरणीयमिति ज्ञाप्यते, 'श्रुतो वा दृष्टो वास्मतो वा कथितोऽपि वा । अनुमोदितो वा राजेन्द्र=पुनाति पुरुष सदा' ॥ इति महाभारतोक्ते (विद्युल्लता), तीर्थत्वात् समानयिष्यन । मानयिष्यन्निति तुमर्थे स्यत मानयितुमित्यर्थ । अनेन तीर्थस्नानादिफलसम्पत्त्यागतौ प्रोत्साहन सूचितम (सुबोधा), √मन्+णिच+ (भविष्य का) स्य+शतृ+पु० प्रथमा एकवचन ।

1165 मानयिष्यन्ति (पृ 22 3 11 32) मन+णिच+लट, प्रथम पुरुष, बहुवचन, तिङन्त, त्वन्निमित्तत्वात सुखलाभ इति भाव (सजी), श्लाघयिष्यन्ति (सुबोधा), मानिन्यो हि मेघध्वनितमसम्भ्रान्ता का तथालिङ्गन्ति । अतएव तत्कालदुर्लभमालिङ्गनलाभेन "साधु चेष्टितमस्य धन्योऽसि"ति तच्छलाघा करिष्यन्तीत्यर्थ । तामासाद्य आलिङ्गनानि मानयिष्य तीति अन्ये । सिद्धानामपि त्वमुपकारीति प्रोत्साहनम । (सुबोधा)

1166 मानसम (उ० 15 3 12 35) मानस+अम, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, मानस सर (चरित्र), मानस सर (सजी)० सर (सुबोधा), ब्रह्मा के 'मनस' से निर्मित दिव्य सरोवर को मानस कहते है । 'कैलाश शिखरे राम मनसा निर्मित सर । ब्रह्मणा प्रागिद तस्मात्तदभून्मानस सर ॥' —रामायण ।

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग छह बार हुआ है । मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग ऋतु० मे तीन बार (2 8, 6 15, 6 27,) रघु० (13 62,) तथा विक्रम० मे (4 15) म एक एक बार हुआ है ।

1167 मानसस्य पृ० 65 1 3 17) मानस+ङस, सज्ञा, षष्ठी, एकवचन, मानसरो विशेषस्य (चरित्र), मानसस्य सरस (सजी), सरोवरस्य (सुबोधा), मानसरावर का ।

1168 मानसौकसा (पृ० 11 2 13 28) मानस+ङे+उत्क+जस्, तत्पुरुष, विशेषण, प्रथम

Sampath_eBooks

बहुवचन, मानसोत्सुका । इद च प्रियमानसत्वलिङ्गम । अनेन पदेन लोके प्रवत्स्यत पुरुषस्य सङ्गमाह्वानसमर्थिविवक्षिता इति अनुसधेयम । (प्रदीप), मानस सर प्रतिग तुकामा (चरित्र), मानसे सरसि उ मनस । उत्सुका इति यावत् । "उत्क उत्सुक उ मना" इति निपातात साधु । कालान्तरे मानसस्य हिमदुष्कत्वाद हिमस्य च हसाना रोगहेतुत्वाद अ यत्र गता हसा पुनवर्षासु मानसमेव गच्छ तीति प्रसिद्धि (सजी), पङ्काङ्कितवसुधाङ्गणरिङखणातङ्कशकया कलुषनवोदक कवलितकमलषण्डखण्डितमदतया च सवर्त्तुसुख निजराजधानी मानस सरोऽभिग तुम् उत्सुका । उत्क उत्कण्ठित पाक्त' इति हलायुध (विद्युल्लता), मानसे कुबेरसरसि विषये उत्का सोत्कण्ठा स त (सुबोधा),

मानस सरस्का । मानस झील कैलास पवत पर बताई जाती है । इसे ब्रह्मा ने मन से उत्प न किया था । इस मे से सरयू नदी भी निकलती बताई गई है । यह गगा के जल से निर्मित अरुणोद, शीतोद, महाभद्र और मानस नामक चार सरोवरो मे से एक है । वास्तव मे यह झील हिमालय और कैलास के बीच मे स्थित है। यहा पर वर्षा मे हस आ जाते है । तुलिय विक्र० IV 14 मेघश्यामो दिशो दृष्ट्वा मानसोत्सुकचेतसाम् । कूजित राजहसाना श्रोत्र नुपुरशिञ्जितम ।' और देखिये उ० मे० श्लोक 16 'यस्मात्तोये कृतवसतयो मानस सनिकृष्टम' मानस झील के उदभव के बारे मे रामायण मे इस प्रकार कहा गया है— कैलासशिखरे रम्यमानसा निर्मित सर । ब्रह्मणा प्रागिद यस्मात्तदभू मानस सर । Wilson के अनुसा यह झील हिमालय और कैलास के मध्य मे स्थित है । कैलास पवत उत्तर की ओर हिमालय के समाना तर स्थित है । यहा वर्षाकाल के प्रारभ मे हसो का विशेष निवास होता है ।

1169 मानिनीम (उ० 37 4 11 49) मानिनी+अम, विशषण, द्वितीया, एकवचन, उन्नतचिन्ता मनस्विनीमित्यथ । मानश्चित्तसमुन्नतिरित्यमर । अनेन विशेषणेन तस्या पुरस्तात् धीरमेव वक्तव्य कातरवचने तु सा मिथ्येति जानात्युक्तम् (प्रदीप), मनस्विनीम (चरित्र), मनस्विनीम्, 'जनानौचित्यासहिष्णुमित्यथ (सजी), मनस्विनीम (पचिका), मानवती मत्का ताम्, मानिनीमिति 'मानश्चित्तसमुन्नति ' स नित्यमतिशयित वा विद्यतेऽस्यो इति इनि । सा हि मान शालिनीत्वात सवादव्यलीकमपि न सहते, अतो अवधानेन वदिष्यसीत्याकूतम । मानश्चित्तोन्नतौ ग्राह" इति विश्व । मान्यजाय मित्यतो धनि मान पूजा, तदयुक्ता मानिनी पतिव्रतात्वात पूज्यामित्यथ इति च व्याचक्षते । (सुबोधा) मनस्विनी । जो किसी के अनुचित व्यवहार को सहन नही करता । वस्तुत यह पद यक्षपत्नी के एक अपरिचित व्यक्ति के आकर रात मे एका त मे बात करन क क्षोभ को ध्वनि देता है । यक्षपत्नी सरलता से उसकी बात नही सुनेगी । मेघ को बिना घबराए, धय क साथ, उचित रूप से उपयुक्त शब्दा मे बाते करके उसका ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करना है ।

मानिनीमु नतचित्ता मनस्विनीमित्यर्थ । इसका व्याख्याथ पूण सरस्वती ने बडी अच्छी तरह प्रस्तुत किये है - "मानिनी स्वचारित्रपरिरक्षणाभिमानशालिनीम् । ततोऽपि तव तथा सलापे न दोष इति भाव । अथवा, एतावतो दिनसान दु खिताया ममाश्वासनाय वार्त्तामात्र मपि न कस्यचिद् मुखेन कठिनहृदयेन प्रेषितमिति मयि प्रणयकोपवतीमित्यथ ।" (विद्युल्लता)

1170 माम (चतुर्वार प्रयुक्तम उ० 33 3 14 26, 38 1 6 11, 45 1 1 1 51 1 2 2) सवनाम

कालिदास की कतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग एक सौ छह बार हुआ है । मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्र थो मे इसका प्रयोग इस प्रकार है —रघु० (32) विक्रम० (25) शाकु० (24) मालवि० (12) कुमार० (9)

Sampath_eBooks

विस्तत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कति 'कालिदास पदकोश'

1171 माग (उ० 11 4 14 48) सज्ञा, प थ। माग कटिरिति ग्रामतया नश प था इति केचित पठति (सुबोधा)

कालिदास की कृतिया मे प्रस्तुत पद का प्रयोग पाच बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (4 33,) कुमार० (1 28) शाकु० (7 6,) तथा विक्रम० (116 6) मे एक एक बार हुआ ह।

1172 मार्गम (द्विवार प्रयुक्तम पू० 13 1 1 1, 21 4 21 45), माग + अम, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, प थानम (चरित्र), प थानम (चरित्र 21), अध्वानम (सजी 13) 'मार्गो मगपदे मासि सौम्य-क्षेऽध्वेपणेऽनि' इति यादव, प थानम (सुबोधा 13) मागमित्यस्य कथयन इत्यनेनापि सम्ब धो बोध्य। (सुबोधा 13), प थानम (सुबोधा 21)

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग नौ बार हुआ ह। मघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० मे पाच बार (2 2, 2 72, 9 29, 2 28, 13 24) कुमार० (1 6,) तथा विक्रम० (106 12,) मे एक एक बार हुआ ह।

1173 मालतीनाम (उ० 37 2 9 27) मालती + आम सज्ञा, षष्ठी, बहुवचन, यथा जालकानि मेघजलकणिकाशीतलेन अनिलेन मालती समुच्छ्वसति तथा प्रत्यागत श्वासा तामुत्थाप्य इत्यथ। अनेन जातीकुसुमेभ्योऽपि अधिक तस्या सौकुमार्यमस्तीति सूचितम। मालत्या खलु वर्षासु पुष्पति रात्रौ च विकसति। अस्मिन्नर्थेलिङ्ग श्रीरामायणवचनम—निलीयमानै विहगै निमीलदभिश्च पङ्कजै। विकसत्या च मालत्या गतोऽस्त ज्ञायते निशि॥ (प्रदीप), जातीनाम् (चरित्र), वपनौ मालत्य पुष्पति निशि विकसति तीति प्रसिद्धि, तदुपादान ततोऽपि तस्या सौकुमार्यस्चनम (चरित्र), जातीनाम, 'सुमना मालती जाति' इत्यमर (सजी), जातीना, मालती जालक प्रत्याश्वसिति तथा तदनुरूप वातरूपमनुष्ठेय नायिकमिति सूचितम, किञ्च मालती जालिकाया सौकुमार्यमस्या इति। किञ्च मालतीविटपवष्टित मिल तदायतन बोध्यमिति। अ येषामपि त्व र प्रु—प्रारी प्रया मालतीमामिति। (सुबोधा) मालती की कलिया शीतल म द वायु के स्पश से खिल उठती है।

1174 मालम (पू० 16 3 13 59, माल + अम, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, पवतीय उ नतस्थल तथा **उत्पलमालाया**—मेघम मथयोर्मारोमार मरणमिष्यते। मालापुष्पादि ब धेष्या मालमुन्नतभूतल मिति। मालयागान मालव इति प्रसिद्धो देश (प्रदीप), मालेन पश्चात गमन तदुत्तरेण गमन च आम्रकूटाख्ये पवत विश्रा त्यथमुक्त इति अवसेयम (प्रदीप), उ नतस्थलम। मालापुष्पादिब धेष्या मालमु नतभूतले इति अभिधानचि तामणि (चरित्र), मालाख्य शैलप्रायमु नतस्थलम्, मालमु नतभूतलमिति उत्पलमालायाम (सजी), मालमिति नाम्ना प्रसिद्धम। 'मेघम मथयोर्मारो मार मरणमिष्यते। माला पुष्पादिब धेष्यात मालमु नतभूतलम्।' इत्युत्पलमाला। मालयो गा मालव इति हि देश प्रसिद्ध (विद्युल्लता), मालनामदेशसम्ब धि (सुबोधा), मालाना पवती यजनपदानामिद माल, इदमर्थेण। (सुबोधा)

अनुवाद मे मल्लिनाथ के अनुसार इसका अर्थ 'उ नत प्रदेश' किया गया है। कुछ टीकाकार इसे किसी देश का नाम मानते है। दोनो मतो का मेल करके 'माल देश के उच्च और समतल प्रदेश' अथ करना अच्छा रहगा। विल्सन के मत मे यह छत्तीसगढ के उत्तरी भाग मे स्थित रत्नपुर के कुछ दक्षिण मे मालदा हो सकता है। नि सन्देह आम्रकूट माल के समीप ही कुछ पश्चिम की ओर होगा। मल्लि और सरस्वती इसका अथ 'उन्नतभूतल' (पठार) करते है, पर तु सुमतिविजय इसका 'मालाख्य देशम्' यह अथ लेते है। सम्भवत 'मालम्' से इस नाम

Sampath_eBooks

का विशेष चिह्न अभीष्ट हो। विल्सन माल को मल्दा (MALDA) स्थान से जो रतनपुर के उत्तर की ओर है, मिलाते है।

1175 मासान (त्रिवार्षिक मुद्रण पृ० 2 8 24 उ० 26 1 17 22, 49 2 7 15) संज्ञा, मासान पदीप, वर्ष ३०, प० ।। म चतुष्टयम् 'पञ्चिका 49), त्रिंशद्दिवस परिमित कालान्, (सुबोधा) मासानेतानि यनेन अर्थविरह निर्वाहोपाय मतीत्यास नमङ्गत्वेन तदाश्वासन कृतम (सुबोधा 49), महीने। कवि ने मास शब्द बड़ा ही व्यञ्जक रखा है। 'शेष' का अर्थ तर अन्त' और 'पय' ही है और 'मास' शब्द 'मसी परिमाणे (दिवादि०)" से "हलश्च" (3 ३ 12) के अनुसार घञ् प्रत्यय करने पर सिद्ध होता है। महीने चाहे तीन ही चार हो पर पथिक विरह अर्थात् वियोग दुःख से दुःखी व्यक्ति को उसके तपस्विगण लगते है या 'पथ परिमाण' से कहलायी जाते हो। जिसका परिमाण किया जाता है उसे मास कहते है। अत उसके परिमाण यदि बहुत लगी हो तो पथ लम्बीचौड़ी ही प्रतीत होता है।

1176 मित्रम् (उ० 36 1 2 मित्र+सु, संज्ञा, द्वितीया एकवचन, सुहृदम (सजी), सुहृद, (सुबोधा) मित्रे दुःखात्त्रायते इति मित्रम। दुःख, पाप आदि से बचाने वाला। दक्षो नाम शतक 70) इस पद्धति से दूत बनाया हुआ। मेघ यक्षपत्नी को अपना परिचय देता है, जिससे वह मेघ को देखकर पर पुरुष के भय से किसी प्रकार शङ्कित न हो पाय। "सुहृदम्। ईदृशेषु कार्येषु मित्राणामेवाधिकृतत्वात्।' विद्युल्लता)

1177 मित्रे (पू० 17 4 15 71 मित्र+ङि, संज्ञा, सप्तमी, एकवचन, सुहृदि (सजी), अथ मित्र सखा सुहृदित्यमर, (सजी), 'मित्रे सुखे मित्रम' इति लक्षितार्थस्य मित्रशब्दस्य मुख्याभिधेये प्रयोगः। अनन्यजा गुरु। गौरवत्व सुहृत्ता सूचितम। तथा कुमारसंभवे—'प्रमदास्वनवस्थित नणा न खलु प्रेम चल सुहृज्जनो' इति। नन्वनुपमिति न तु सतामिति सदसत्साधारणत्वम, न चलमित्यनुरुत्व च सुहृत्प्रेम्ण प्रकाशितम (विद्युल्लता), सुहृदि (सुबोधा),

1178 मीनक्षोभा (उ० 34 4 15 61) मीन+आम+क्षोभ+ङसि, तत्पुरुष, संज्ञा, पचमी, एक वचन, मीनानां क्षोभात् पतितं नम्रम् (चरित्र), मीनचलनात् (सजी), मीनस्य मत्स्यस्य क्षोभेण सघट्टनेनाकुल व्याकुल चञ्चल यत (सुबोधा) भाव यह है कि मछलियो के आने जाने से समीप तम कमल भी हिल जाते है वायु के वेग से नही हिलते (विद्युल्लता)। अपि च इस पद का प्रयोग आख क वायुविकार स स्पदन का प्रतिषेध करता है। वायुविकार से फडकने वाली आख का शुभ अशुभ नही होता है। **मीनक्षोभाकुल**—पा० भे० मछलियो की चञ्चलता से व्याकुल= हिल हुए कुवलयो की शोभा की समानता को। व्याकरण की दृष्टि मे वह पाठ भले ही अच्छा हो क्योकि 'मीनक्षोभ' का 'आकुल' म समास हो रहा है परन्तु आकुल पद से 'व्याकुलता' की अनिष्ट ध्वनि निकलने से साहित्यिक नही है। मीनक्षोभात् के स्थान पर विल्सन महोदय का 'मीनक्षोभाकुल०' वह पा० एक समास होने से अच्छा है, क्योकि 'मीनक्षोभ' का समास आवश्यक ही है। अन्यथा 'कुवलय तुलाम' यह असमर्थ समास हो जायेगा। इसका कारण यह है कि 'चलकुवलय' वाले समस्त पद मे 'चल' शब्द मीनक्षोभात् के साथ सापेक्ष है अर्थात् कुवलय इसलिए चलता है कि उसके आसपास मछली के दौडने से जल क्षुब्ध हो रहा है, इसलिए 'मीनक्षोभाकुल' का एक ही समस्त पद होने पर यह आपत्ति ही नहीं उठती।

मीनक्षोभेण कुवलयेन तुलाम मीन क्षोभ, मीन क्षोभ। तेन आकुलमीनक्षोभाकुलम। तथोक्तञ्च तत् कुवलयञ्च मीनक्षोभाकुलकुवलयम। तस्य श्री मीनक्षोभाकुलकुवलयश्री। तस्या तुलाम तयेति। मीनक्षोभात वाला पाठ ठीक नही है। इस तरह सारा अप्रस्तुत पक्ष एक पद मे ही आ जाता है। "The reading मीनक्षोभाकुल and C is better, as

Sampath_eBooks

मीनक्षोभ ought to form part of the compound"—M R Kale यहा कालिदास ने रामायणच्छायायोनि रचना प्रस्तुत की है—

"तस्या शुभ वाममरालपक्ष्मराजीवत कृष्णविशालशुक्लम ।
प्रास्पन्दतैक नयन मृगाक्ष्या मीनाहतम् पद्ममिवाभिताम्रम ॥"

1179 मीलयित्वा (उ० 49 2 11 19) मील+णिच+क्त्वा, अव्यय, प्रथा कथञ्चित (पचिका) निमील्य पिधाय (सुबोधा) आखें बन्द करके । धर्य से । दूसरा के सुख और अपने दु ख को सोचे विना । तुलना करो—आखे मीच कर (हि दी) 'डोले मिठ्ठून' (मराठी) ।

1180 मुक्तमार्ग (पू० 48 2 9 30) मुक्त+सु+मार्ग+सु, बहुव्रीहि, विशेषण, प्रथमा, एकवचन, मुक्त मार्गो यस्य स त्वम (चरित्र), त्यक्तवर्त्मासन (सजी) परिहृतागमनसरणि (विद्युल्लता) दत्तमार्ग सन परित्यक्तपथ सन (सुबोधा) ।

1181 मुक्तरोधोनितम्बम (पू० 44 2 9 28) मुक्त+सु+रोधस्+अम्+नितम्ब+अम, बहुव्रीहि, विशेषण, द्वितीया, एकवचन, मुक्तरोध कटिप्रदेश । नितम्ब पश्चिमे श्रोणिभागे च कटके कटौ' इति यादव (प्रदीप), मुक्तो रोध एव तटमेव नितम्ब कटिप्रदेशोयेन तत (चरित्र), मुक्तस्त्यक्तो रोधस्तटमेव नितम्ब कटिर्येन तत्तथोक्तम, 'नितम्ब पश्चिमे श्रोणिभागेऽद्रिकटके कटौ' इति यादव (सजी) अनेन सलिलस्यापीयपानत्वे क्षीयमाणत्वादवर्जित तीररूप श्रोणिमण्डल येन, एतच्च हरणकालविशेषणम, हृत्वा लम्बमानस्य इत्य वय (विद्युल्लता), मुक्तस्त्यक्तोरोध एव तीरमेव अथच तद्वत नितम्ब कटीपश्चादभागोयेन तादृशम, जघनचिह्नध्वनिरयम् (सुबोधा), मुक्त रोध एव नितम्ब यस्मिन कर्मणि तत तथा ।

1182 मुक्तागुणम (पू० 49 4 20 38) मुक्तागुण+अम, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, मौक्तिकलजम् (चरित्र), मुक्ताहारम् (सजी), हारम । अयमयाश , शुभ्रो जलप्रवाहो मेघच्छायया द्विधाभूतो नीलमणिमयमध्यहार इव शोभते इति हारोपमत्वात्तस्या नायिकात्व ध्वनितम (सुबोधा), यहाँ पर नदी की धारा की मोतिया के हार से तुलना की गई है । हार मे एक धागे मे सफेद सफेद मोती पिरोये हुए होते है । बीच मे एक मोटी सी इ द्रनील मणि पिरो दी जाती है । नदी की धार सफेद है और एक सूत्र मे पिरोई हुई मालूम पडती है । उस पर झुका हुआ नीला बादल दूर से इ द्रनील मणि के आकार वाला ही प्रतीत होगा । यही भाव रघु० 13 48 मे आया है । देखो-एषा प्रसन्नस्तिमितप्रवाहा सरिद विदूरातरभावत वी । मन्दाकिनी भाति नगोपकण्ठे मुक्तावली कण्ठगतेव भूमे ॥ उपमा बडी उत्कृष्ट बनी है । श्री विल्सन इस उपमा के भाव को स्पष्ट करते हुए लिखते है—

"This comparison, when understood, is happily imagined, but to understand it, we must suppose ourselves above the cloud, and to be looking obliquely downwards upon its dark body, as shining drops of rain form a continuous line on either side of it, and connect it with the earth" अर्थात्—इस उपमा को समझने के लिए हमे मेघ से ऊपर उठ कर नीचे की ओर टेढा देखना चाहिए । सावले रूप वाले मेघ से निरन्तर पडती हुई बूदो की पक्तिया पृथ्वी से मिलकर इसे स्थूल मध्ये इ द्रनील मुक्ताहार का रूप धारण करा देंगी । इसमे तो स देह नही कि इस उपमा के सौ दय को समझने के लिए मेघ से ऊपर उठना होगा । पर तु कवि तो नदी को ही मुक्ताहार बना रहा है, वर्षा की बूदो की पक्ति को नही । अत श्री विल्सन का व्याख्यान मूल के विरुद्ध होने से ग्राह्य नही ।

1183 मुक्ताजालम् (उ० 35 2 7 13) मुक्ताजाल+अम्, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, स्त्रीणां

Sampath_eBooks

मुक्तामय कटिभूषण मुक्ताजालमित्युच्यते । हारयष्टिप्रभेदाधिकारे कौटिल्य । सुवर्णसूत्रान्तर सोपानक मणिमध्य वा मणिसोपानकम् । तेन शिरोहस्तपादकटीकलापजालकविकल्पा व्याख्याता इति (प्रदीप), मुक्तामय कटितटभूषणम (चरित्र), मौक्तिकसरमय कटिभूषणम् (सजी), मौक्तिककलापम (पत्रिका), 'मुक्ताजाल' एक विशेष तरह का कटिभूषण होता था। जिस करधनी मे मोतियो की लडिया लगी होती थी उसे मुक्ताजाल कहते थे। 'विद्युल्लता मे लिखा है—पुन्नागभिरिरचितो मेखलादामनि लम्बमाना जालाऽकारो भूषणविशेषो मुक्ताजालम्। यथा हारयष्टिप्रभेदाधिकारे कौटिल्य — 'सुवर्णसूत्रान्तर सोपान मणिमध्य वा मणिसोपानक तेन शिरोहस्तकटीकलापजालकविकल्पा व्याख्याता इति।" इस 'मुक्ताजाल' के सही रूप का परिचय 'यक्षी' ('कनिष्क भारहुत"—प्ले०52) की मूर्ति किंवा चित्र से लग सकता है। 'यक्षिणी चरण' के मध्यभाग मे 'मुक्ताजाल के दर्शन होते है। ये दोनो ही मूर्तिया शकपूर्व तृतीय शताब्दी की मानी जाती है। 'मुक्ताजाल' को भी अन्य आभूषणो की तरह ही यक्ष की प्रियतमा ने छोड रखा है—'क्रीडा शरीरसस्कार समाजोत्सवदर्शनम। हास्य परगृह यान त्यक्तेति प्रोषितपतिका ॥ (याज्ञवल्क्यस्मृति 1 84)। परन्तु एक और असर 'मुक्ताजाल का दक्षिणावर्तनाथ ने बताया है और साथ ही उस जरूरत के अभाव मे उसके त्याग के हेतु के रूप मे उसे प्रस्तुत किया है—' इदमनानुसन्धेयम। ऊरुमूले निहितानां नखक्षतानां निर्वापणाय स्त्रिय खलु कियतीं साधयन्त्य विरचितानि मुक्ताजालकानि बिभ्रति। सा पुनरिदानी नखक्षताभावाद नखनिर्वापण मुक्ताजालक दुरगत्या न बिभर्तीति खेदवचनमिति। अस्मिन्नर्थे लिङ्ग तज्जातीयद तन्ननिर्वापणवचनम्। यथा कुमार सम्भवे

दष्टमुक्तमधरोष्ठमम्बिका वेदनाविद्युतहस्तपल्लवा।
शीतलेन निखापयत क्षण मौलिच द्रशकलेन शूलिन ॥ इति

इन साखियो के विरुद्ध मैं 'मुक्ताजाल' का फेस्टून (festoon) अर्थ जिसे डा० वासुदेवशरण अग्रवाल ने दिया है अप्रामाणिक मानता हूँ ।

1184 मुक्ताजालग्रथितम (पू० 66 4 20 45) मुक्ताजाल+भिस+ग्रथित+अम, तत्पुरुष, विशेषण, द्वितीया, एकवचन, मौक्तिकगुणबद्धम्। अनेदमनुसन्धेय प्रोषिता उदीक्षन्ता पुरुषा वर्षाकाले समागत्य विगतमानाभवत्वा स्त्रीणा कपोललम्बान अलकान मुक्ताजालैरुदगह्य बध्नन्ति इत्यर्थो विवक्षित। उत्तरार्द्धेणापि अलकाया ज्ञानोपाय उक्त (प्रदीप), मुक्ताजालेन मौक्तिकगणेन ग्रथित नद्ध अलक मालावलम्बिकेशवि यासविशेष, 'जाल गवाक्ष आनाये क्षारके कदने गण' इति यादव (चरित्र), मुक्ताजाल मौक्तिकसर ग्रथित प्रत्युक्तम्, पुश्चत्या मौक्तिके मुक्ता' इति यादव (सजी), मुक्ताजालमौक्तिकसमूहैग्रथितम खचितम। मुक्तातुल्या जलबिन्दव. (सुबोधा),

मोतियो के पिरोए हुए जाले जिनसे गुप्तकाल के स्त्रीपुरुष अपने केशो, मुकुटो और उरुप्रदेश को अलकृत करते थे। इस प्रकार के सतानक झुग्गो को अग्रेजी मे फेस्टून (festoon) कहते हैं। मुक्ताजाल के लिए और भी देखिये (2 9 ,2 33,) मुक्ताजालै ग्रथितम।

1185 मुक्ताजालै (उ० 11 3 9 29) मुक्ता+डस+जाल+भिस, तत्पुरुष, सज्ञा, तृतीया, बहुवचन, मौक्तिकसार शिरोनिहितरित्यर्थ (सजी), मुक्ताना जालराभरणभेदैर्जालसूत्रावली यायेन परिहितैर्मौक्तिक। "आनाय पुसि जाल स्या"दिति च। मुक्ताजाल मुक्तासर इति प्रसिद्ध मण्डनम्। तथा च "मुक्तासर परिदध्यादूर्वो कण्ठे पयोधरे" इति। पुरुषोत्तमस्त्वाह, मुक्ताजालैमुक्तासमूहैरर्थाद धम्मिल्लादिमण्डनोपयुक्त (सुबोधा), जालाकारग्रथितमौक्तिक समूह विरचितमुक्तासाराभिधाभरण मौक्तिकसमूह (सुबोधा)

Sampath_eBooks

मुक्ताना जालानि। मोतियों की लडियां या गुच्छे। मल्लिनाथ के मत मे ये बालो मे गुथी हुई थी। स्त्रिया इ हे सिर की माग मे और पार्श्वों मे शृङ्ग रपटटा के रूप मे अब तक कही कही पहनती हैं। पर तु इस अथ को स्वीकार करने मे, जसा श्री काले ने लिखा है, भाव की आवत्ति होती है। क्योकि बाला मे म दारपुष्प के गिरने का वणन पहले ही हो चुका है। अत मल्लिनाथ की कल्पना स्वीकाय नही। वम्तुत इन पाद मे दो पद ह—मुक्त ज ल और हार जो द्वितीय पाद के पदो के समान 'च' से जुडे हुए है। अत 'मुक्ताजाल का अथ मोतियो की लडिया अर्थात मालाए' और 'हार' का अथ फुल की मालाए (देखो अ० स 1 4 सहाराभ रण, 2 18 स्तनै सहार —सहार कुसुममाला सहित —मणिराम की चद्रिका व्याख्या) करना उचित होगा। अब 'स्तनपरिसर' इन दोनो का साधारण विशेषण बन जायगा। सारे पाद का अथ—स्तन के भाग से टकराने के कारण टूटे हुए धागो वाली मोतियो की मालाओ और फूलो के हारो से—होगा। अत 'मुक्ताना जालानि येषु' ऐसा विग्रह करके मुक्ताजाल को हार का विशेषण बनाने की आवश्यकता नही है। श्री शकर राम शास्त्री ने हारै को मुक्ता जाल का विशेषण रखने का सुझाव दिया है। 'हारेषु भवानि इति हारेषु, त ।' हारो मे वतमान मोतियो की लडिया। यह भी अच्छा अथ है। पर तु इसमे 'च' पद यथ हो जाता है। एक टीकाकार ने इसका पाठा तर 'मुक्ताजालस्तनपरिचयच्छि न' दिया है और इस प्रकार व्याख्या की है—'मुक्ताना जालानि मुक्ताफलसमूहास्तेषा स्तनपरिचय कठिनकुचसमदस्तेन छि नानि त्रुटितानि सूत्राणि येषा त ।' अथात मोतियो के समूहो के कठोर कुचो के साथ टकरा जाने से टूटे हुए सूत्र वाले हारो से (necklaces) कुछ एक टीकाकारो ने 'मुक्ताजालै स्तन ' के स्थान पर 'मुक्तालग्नस्तनपरिदलच्छि नसूत्र ' पाठ दिया है, जिसका अथ है—मोतियो के साथ सटे हुए कुचद्वय की सुगधि से जिन हारो के सूत्र टूट गये है। इस पाठ मे 'सुगधि से सूत्र का टूट जाना' अनुपपन्न सा है।

1186 मुक्ताध्वानम (पू० 57 2 5 26) मुक्त + सु + अध्वन + सु, बहुव्रीहि, विशेषण, द्वितीया एकवचन, शरभाणा मार्ग मुक्त्वा दूरगामिन, मुक्तमार्गत्वात त्वयि शरभाणा लङ्घन न सम्भवति तेषा शरीरभङ्ग एव भविष्यतीत्यभिप्राय (प्रदीप, शर ानामुत्पतनमार्ग हित्त्वा दूरगामिनम (चरित्र), मुक्ताऽध्वा शरभोत्प्लवनमार्गो येन तम (सजी), तत्सञ्चरणमरणिपा रिहारेण विश्रमाथ कचित कोणे निषण्णम। अनेन तेन निरपराधबा धकत्वाद्दण्डप्रत्यमखण्डमेवेति द्योत्यते (विद्युल्लता), **मुक्तध्वनिम**—त्यक्तगर्जित (सुबोधा), मुक्त अध्वा येन, तम। मार्ग दे देने वाला। सारो० और वल्लभ के अनुसार श्री काले इसका अथ-मुक्त आ (सम तात) ध्वान येन स —'सब ओर गजन करने वाला' करते है। यह 'मेघ' के लिए आया है और 'भव तम का विशेषण है। प्रकरण मे उस अथ का विशेष औचित्य नही क्योकि गजन द्वारा मेघ शरभो की भावनाओ पर चोट करता है। अत वे आक्रमण करने मे अपराधी नही। इस पर भी मेघ को उनके अग भग करने का परामश देना यक्ष औ कवि की यायविमुख विकृत मनोवत्ति का परिचय देता है जो यक्षो के और कवि के स्वभाव के विरुद्ध है। यक्ष यज्ञमय है और कवि भी। अनुवाद के अथ मे यह दोष नही आता। अपराधी को दण्ड देना ही वैदिक और शास्त्रीय अहिंसा है और न देना हिंसा। बाधक न होने पर जो बाधा पहुँचाये वह अपराधी ही है। सारो० और वल्लभ ने इसका और ही अथ किया है—मुक्त अध्वान (न + ध्वानम) अगर्जित येन तम अर्थात 'कृतगर्जितम् (मुक्त + अ + ध्वानम) = खूब गरजते हुए। यह अर्थ ठीक तो प्रतीत होता है पर तु शब्द का तोड मरोड ही है। दर्पोत्सेकान दप स्याहङ्कारस्य उत्सेकादाधिक्यात (सुबोधा०)

Sampath_eBooks

1187 मुक्तास्थूला (उ० 4 5 4 16) मुक्ता+जस+इव+स्थूल+जस, तत्पुरुष, विशेषण, प्रथमा, बहुवचन, मुक्ता इव स्थूला (चरित्र), मुक्ता मुक्तकानीव स्थूला (सजी), मौक्तिकप्रथव (पचिका), मौक्तिक प्रथव (सुबोधा) मुक्ता इव स्थूला । मुक्तास्थूला । "उपमानानि सामा यवचनै" (2 1 55) इति समास । "मुक्ता मौक्तिकपृश्चल्यो"—अनकाथसग्रह । 'मोती के दानो की तरह बड बडे अश्रुकण' । "लवलेशकणाणव"- अमरकोश । मल्लिनाथ ने यहाँ पर अपशकुन का अभाव ढूढा है—'महात्मगुरुदेवानामश्रुपात क्षितौ यदि । देशभ्रशो महद दु ख मरणञ्च भवेद ध्रुवम ॥" पर तु कविसरम्भ इसमे नही हैं । करुणरस से आद्रहृदय होने के नाते बडे बडे अश्रुवि दु ढुलक रहे थे । साथ ही वे बूदे वतुल और धवल थी इसको द्योतित करने के लिए मुक्तास्थूल पद का उपादान किया गया है । विद्युल्लता मे लिखा है—"मुक्तास्थूला करुणरसविलीनहृद तया झटित्यवशमेव विगलनात स्थूला पृथव । मुक्ताफल वत्स्थूला इत्यनेन साहचर्याद धवलत्व वृत्तत्व च लभ्यते । × × × कोमलारुणेषु पल्लवेषु स्थूल धवल वतुलान्यश्रुबिन्दूनाशयशीकराणामिव परभागलाभाद चटचटध्वनिप्रादुर्भावाच्य स्फुटदृश्यत्वम् ।"

1188 मुखम (द्विवार प्रयुक्तम पू० 25 4 16 53 उ० 23 3 9 47,) मुख+अम, सज्ञा, द्वितीया, एकवचन, अधरम (सजी 25)

कालिदास की कतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग बीस बार हुआ है । मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्र थो मे इसका प्रयोग इस प्रकार है—शाकु० (8) रघु० (4) कुमार० (2) मालवि० (2) विक्रम० (2)

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश' ।

1189 मुखानि (पू० 51 4 20 42) मुख+शस, सज्ञा, द्वितीया, बहुवचन, मुखग्रहणमनेककर्माश्रयत्वात कृतम (प्रदीप) राज ानामप्यतिसाहसिकत्वेन निरात्कचदारणानामपि सव्यसाचिसायकाना सुरतरुकुसुमानापिव मुखरेवासभ्रम प्रत्येषण प्रकाश्यते । मुखानीति बहुवचनेन, गाण्डीवध वन एक स्यैव केसरिण इव वारणरविीररसख्ये , सस्यसक्षोभेऽपि लीलायितबुद्धिरासूच्यते (विद्युल्लता)

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग चार बार हुआ है । मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० (18 44) कुमार० (2 19) तथा ऋतु० (1 9) मे एक बार हुआ है ।

1190 मुग्धसिद्धाङगनाभि (पू० 14 2 10 25) मुग्धा+जस+सिद्धाङ्गना+भिस्, कमधारय, सज्ञा, ततीया, बहुवचन, अत्रेदमनुस धेय 'श्रीपवत—रामगिर्य्यादय सिद्धाना निवासस्थानमिति प्रसिद्धम् । अतएव रामगिरिवर्तिनीना सिद्धाङ्गनाना औ मुख्य सम्भवति । खेचरत्वात् तस्य । वक्ष्यति 'सिद्धद्वद्वजलकणभयात वीणिभिमक्तमाग' इति (प्रदीप), मुग्धा सु दर्य्योया सिद्धाङ्गना ताभि (चरित्र), मुग्धाभि मूढाभि , मुग्धा सु दरमूढयो इत्यमर , सिद्धाना देवयोनिविशेषाणा अङगनाभि , सिद्ध मारस्वतसिद्ध महाकविभि अङ्गनाभिश्च (सजी), मुग्धाभि , अनतिनिभर यौवनाभरणत्वादविदितवस्तुतत्त्वाभि , सिद्धा खड्गगुलिकाञ्जनादिधारिणो देवयोनिविशेषा , तेषा वधूभि । सिषाधयिषित कार्योद्यागभार उत्साह । अनेन त्रासशङ्काविस्मयौत्सुक्यतरङ्गित विविधविलासभङ्गरङ्गाणा दिविचराङ्गनापाङ्गाना प्रथमत एव भाजन भविष्यतीत्यहा प्रथमखनन एव निधिदशनमिति द्योत्यते (विद्युल्लता), मौग्धशालिनी मुग्धा, मौग्ध्य यथा—

"मुक्ताफल तरो कस्येत्यादि वा कृत्रिम वच ।
वल्लभाना परस्त्रीणा मौग्ध्यमेव विदुबुधा ॥ इति ।

अणिमादिगुणोपेता सिद्धा, तथा च "सम्पन्नाष्टमहैश्वय सिद्ध इत्यभिधीयते । इति । अङ्गना प्रशस्ताङ्गा । प्रशसाया न । (सुबोधा)

Sampath_eBooks

सिद्ध — √सिध + क्त । अथवा सिद्धि + अ । सिद्धो मे आठ सिद्धियां होती है—

'अणिमा महिमा चैव लघिमा गरिमा तथा ।
प्राप्ति प्राकाम्यमीशित्व वशित्व चाष्ट सिद्धय ॥'

इन सिद्धियो से युक्त अतिमानव पुरुष । ये अभी देवता नही बने है । सिद्ध सूय और पथिवी के बीच मे रहते हैं । ये वैदिक 'साध्या ' का ही पौराणिक रूप प्रतीत होते है । देखो ऐ० 1 16 ता 25 8 2 श 10 2 2 3 आदि । प्राय प्राय सभी वदिक भाष्यकार इसका अर्थ 'साधनायुक्त, कमनिष्ठ, ज्ञानसम्प न, यज्ञमय, ब्रह्मज्ञानी पुरुष' करने मे सहमत हैं ऐसे व्यक्तियो की देविया इ ही गुणो से युक्त होने के कारण मुग्ध ही होगे । सिद्ध= √सिव (जाना) (भ्वा० प०) + त (कतरि) । सिद्धो मे दवी शक्ति होती है । ये देव-योनि के हे और सूय्य तथा पथ्वी के मध्य भाग मे रहते है ।

1191 मुच्यमान (उ० 35 1 5 9) मुच + यक + शानच + सु, विशेषण, प्रथमा, एकवचन, त्यज्य मान (चरित्र), परिहीयमाण, नखाङ्करहित इत्यथ, ऊर्ध्वोनखपदास्पदत्व तु रतिरहस्ये— कण्ठकुक्षिकुचपार्श्वभुजोर श्रोणिसक्थिषुनखास्पट नाहु इति (सञ्जी०) वज्यमान (पञ्चिका), त्यजमानश्चिरशुष्कत्वात 'सुबोधा), √मुच, कमवाच्य का य + शानच् + पु० प्रथमा एक व० । रतिक्रीडा मे राग बढ़ने पर जघा पर भी नखक्षत किया जाता है । अभी सात-आठ महीने ही बीत पाये हैं अत यक्ष का खयाल है कि निशान अभी गये नही होगें, धीरे धीरे मिट रहे होगे । उसकी बायी जाघ पर नखक्षत के निशान मिटने लगे होगे । इसीलिय "मुच्यमान " रखा गया है "मुक्त " नही । पूणसरस्वती का कथन है— 'मुच्यमान न तु मुक्त , कालक्रमेण तेषा तिरो धीयमानत्वात ।" 'रतिरहस्य मे ऊरु की नखपदास्पदता भी दी गयी है—"कण्ठकुक्षिकुचपार्श्व भुजोर श्रोणिसक्थिषु नखास्पदमाहु " ।

1192 मुञ्चत (प० 12 4 21 50) मुञ्च + शत + ङस, विशेषण पष्ठी एकवचन, घमदुमददवदहन मिहिरकिरणस तप्ततया प्रथमवर्षाविसेके प्रसर तम् (विद्युल्लता , त्यजत नि सारयत (सुबोधा)

1193 मुरज (पू०59 3 12 25) मुरज + सु, सज्ञा प्रथमा, एकवचन, वाद्यभेद (सजी), मदङ्गध्वनि । मुरजशब्देनात्र मुरजध्वनिरेव वाच्योऽभेदोपचारात । किंवा मुरज इति सप्तम्य त यथा मुरज ध्वनि कन्दरेषु निर्ह्रादी भवति तथा तव ध्वनि क दरेषु निर्ह्रादी चेदित्यथ । अत्र वचनभेदो न दोषो रसावहत्वेनानुद्वजकत्वात । तथाच दण्डी

"न लिङ्गवचने भि ने न हीनाधिकतापि वा ।
उपमादूषणायाल यत्रोद्वेगो न धीमता ' मिति ॥ (सुबोधा)

इसके स्थान पर 'मुख ' पाठ पाया जाता है । यह शब्द साहित्य मे अ यत्र नही आया है । सम्भवत मुरज ही लेखक प्रमाद से मुख बन गया है ।

1194 मुहु (उ० 44 3 14 25) अव्यय, अमकृत (पचिका), शश्वत (सुबोधा) बार बार ।

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग पन्द्रह बार हुआ है । मेघदूत के अति रिक्त इसका प्रयोग कुमार० मे पाच बार, शाकु० मे पाच बार ऋतु० मे तीन बार तथा रघु० में एक बार हुआ है ।

1195 मुहूत्त म (पू० 19 1 4 18) मुहूर्त्त + सु, सज्ञा, प्रथमा एकवचन, अनेन वनचरवधपरिभोग दशनात तव कालविलम्बो माभूदिति विवक्षितम् (प्रदीप), क्षणम (चरित्र), अल्पकालम न तु चिरम, स्वकार्याविरोधादिति भाव , 'मुहूत अल्पकाले स्यात घटिकाद्वितयेऽपि च' इति शब्दाणवे (सजी), यावद विश्रमलाभम, द्रष्टव्या तराभावात । (विद्युल्लता), क्षणम (सुबोधा)

दो घडी या अडतालीस मिनट का समय ।

Sampath_eBooks

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग आठ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० मे दो बार (5 58, 15 45) कुमार० मे दो बार (3 73, 7 91) शाकु० मे दो बार (52 9, 227 4) तथा मालवि० (205 3) मे एक बार हुआ है।

1196 मूच्छनाम् (उ० 25 4 20 46) मूच्छना+अम्, सज्ञा, द्वितीया,एकवचन, सप्तस्वरक्रमस्थापनाम। क्रमयुक्त स्वर सप्त मूच्छना परिकीर्तिता इति भारते (प्रदीप), सप्तस्वरक्रमस्थापनाम्। क्रम युक्ता स्वरा सप्त मूच्छना परिकीर्तिता (चरित्र), स्वरा होव होक्रमम, 'स्वराणा स्थापना सा ता मूच्छना सप्त सप्त हि' इति **सगीतरत्नाकरे** (स गी), सारणाम पचिका, श्वास सम्भव राग, रागभिव्यक्ति मूच्छना, यदुक्तम

स्वर समूर्छितो यत्र रागता प्रतिपद्यते।
मूच्छनामिति तामाहु कवय श्वाससम्भवाम् ॥ इति ॥
रागाणा या त्वभिव्यक्तिमूछना साऽभिधीयते ॥ इति च ॥

अयमिहाथ, मेघदशनोत्थ न विरह वेदनापनोदनाय प्रियनामाङ्क गेय गातुमारब्धवती प्रियनामाङ्काच्चारणेन च द्विगुणोत्कण्ठया रोदनमपि प्रादुर्भूतम। विकलचित्तत्वाच्च स्वकृत मूछनाया अपि अपरिज्ञानमिति। इया च स्वभावोक्ति (सुबोधा)

श्रुति। इसका लक्षण—

क्रमात स्वराणा सप्तानामारोहश्चावरोहणम।
सा मूर्च्छेत्युच्यते ग्रामस्था एता सप्त सप्त च ॥

अर्थात सात स्वरो के उतार चढाव का नाम मूच्छना है। इनकी सख्या 21 बताई जाती है —

'सप्त स्वरास्त्रयो ग्रामा मूच्छनाश्चकविंशति।
तानां एकोनपञ्चाशदित्येतच्छ्रुतिमण्डलम ॥'

मल्लिनाथ ने शिशुपाल वध 1 10 की टीका मे इस विषय मे अधोलिखित पद्य उदधत किये है।

'श्रुत्यनन्तरभावी य स्निग्धोऽनुरणनात्मक।
स्वतोरञ्जयति श्रोतुश्चित्त स स्वर उच्यते ॥
श्रुतिभ्य स्यु स्वरा षड्जऋषभगाधारमध्यमा।
पञ्चमो धवतश्चाथ निषाद इति सप्त ते ॥
तेषा सज्ञा सरिगमपधनीत्यपरा मता ॥

भाव यह है कि मुख्य स्वर सात है। अब इनका आगे विस्तार करते है और इनमे उतार चढाव के क्रम को भिन्न करते है तो जो ध्वनिया उत्पन्न होती है उनका नाम मूच्छना या श्रुति है। यह ध्वनि बडी रोचक और गूजनेवाली होती है। जानकार सुनने वाला इन्हे सुनकर मुग्ध हो जाता है। साधारण व्यक्ति श्रुतिया के अवान्तर भेदो को समझने मे असमथ रहते है। श्रुतिया विशेष प्रभाव उत्पन्न करती हैं। एक मध्यकालीन गायक चित्रकार ने इनके चित्र भी बनाये है। मल्लिनाथ ने मूच्छना का लक्षण 'स्वरावरोहावरोहक्रम' दिया है और साक्ष्य के रूप मे 'सगीत रत्नाकर' को उदधत किया है। भरतसेन ने उनसे अधिक सुन्दर और शास्त्र दृष्टि से शुद्ध लक्षण प्रस्तुत किया है 'जिसमे स्वर सम्मूर्छित अर्थात समुच्छित होकर रागत्व को प्राप्त कर लेता है उसे मूच्छना कहते हैं, अथवा 'रागाभिव्यक्ति को मूच्छना कहते हैं। महाराज कुम्भकर्ण का कथन है—'आरोहेणावरोहेण क्रमेण स्वरसप्तकम्। रागादेर्मूच्छनादत्र मूच्छना परिकीर्तिता ॥" वसे षडज, मध्यम और गा धार तीनो ग्रामो की सात सात मूच्छनायें

Sampath_eBooks

होगी। पर तु यहा पर तो देवयोनि के औचित्यवश गान्धारग्राम की ही मूच्छनाओ से तात्पय है। महाराज कुम्भ का कथन है कि उनके समय मे काश्मीर मे इसका उपलम्भ होता था—"यद्यप्यस्य पलम्भोऽस्ति काश्मीरेषु तथाप्ययम। लक्ष्यलक्षणतत्त्वज्ञनोंपदेष्टु हि शक्यते ।।" इस गा धारग्राम का स्वरूप–"एकैका श्रुतिमादत्ते गा धारोरिमयोयदि। पञ्चमि भजते धश्च नि श्चयेद धसप्तो श्रुतिम् ।।" पर तु यहा पर तो वीणाविषयक उभयहस्तव्यापार से भी आशय है। महाराणा कुम्भ ने लिखा है —उद्वेष्टपरिवर्ताभ्या करे भ्राम्यति दक्षिणे। स्वरस्थाने हत त त्या कम्पिता यत्र सपति ।। क्रमिका मूच्छनासज्ञ करोऽसौ कीर्तितो बुधै।" सगीत रत्नाकर मे भी लिखा ह–"उद्वेष्टपरिवर्ताभ्या तत्या भ्राम्यति दक्षिणे। स्वरस्थाने द्रुत कम्रसारण मूच्छना मता।' नारद ने गा धार ग्राम की सात मूच्छनाओ के नाम दिये है—न दी, विशाला, सुमुखी, चित्रा, चित्रवती, सुखा और बला। हाथ के ऊपर और बगल मे ले जाने को उद्वेष्ट और परिवत कहते हे।

1197 मूर्ध्ना (पू० 17 1 4 31, मूधन+टा, सज्ञा, ततीया एकवचन, शिखरेण, शिरसापीति ध्वन्यते (प्रदीप), मस्तकेन (चरित्र), शिखरेण, शिरसेति च। शिरसा वहन नाम लक्षणया सत्कारातिशय (विद्युल्लता),

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग सात बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग कुमार० मे तीन बार (3 2, 3 22, 3 62) रघु० (16 81) शाकु० (5 6) मालवि० (98 3) मे एक-एक बार हुआ है।

1198 मूले (उ० 18 2 5 14) मूल+ङि, सज्ञा, सप्तमी एकवचन, मूलभागे (पचिका) मूल शब्द से यहा अभिप्राय वासयष्टि के निचले भाग से है। अमरकोश मे लिखा है—"मूल बुध्नाऽडिघ्र नामक।" अडिघ्र से यहा तात्पय 'पाए' से है जिस पर कि ऊपरी फलक जकडा रहता है। सोने की वासयष्टि का पाया जो सामा यत एक ही हुआ करता है और फलक के बीच मे खूटा होता है अथपके बास के रग की मणियो से जडा हुआ है। यहा पाया भी सोने का है और उसमे प ना आदि जडा है।

1199 मृगाक्ष्या (उ० 34 3 14 58) मृगाक्षी+ङस्, विशेषण, षष्ठी, एकवचन, मत्प्रियाया (चरित्र), त्वत्सख्या (सजी), हरिणनयनाया (पचिका), हरिणलोचनाया (सुबोधा), मृगस्य अक्षिणी इव अक्षिणी यस्या, तस्या। स्त्रियो की आखो की उपमा हरिण की आखा से साहित्य मे बहुत दी गई है। हरिण की आखें बडी बडी और परम सुन्दर मानी जाती हैं। "मृगस्य अक्षिणी इव अक्षिणी यस्या सा मृगाक्षी तस्या।" सप्तम्युपमानपूवस्य समास उत्तरपदलोपश्च वक्तव्य" (वार्त्तिक) इसकी व्यञ्जना—"मृगाक्ष्या इति, सुनिमित्तिप्रसङ्गेन औत्सुक्यहषकौतुकादिक्षोभित हृदयतया तादात्विकतारल्यमधुरतरविपुलनीलस्निग्धमुग्धस्य नयन युगलस्य निकाम प्रेक्षणीयत्व द्योत्यते।" (विद्युल्लता)

1200 मृगाणाम (पू० 55 1 4 8) मृग+आम्, षष्ठी, बहुवचन, कस्तूरिकाहरिणानाम (चरित्र), कस्तूरिकामृगाणाम (सजी), अन्यथा नाभिग धानुपत्ते (सजी), योग्यतया कस्तूरीमृगाणाम् (विद्युल्लता), कस्तूरीमृगाणाम। (सुबोधा०) कस्तूरी मृगो का।

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग तीन बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० मे दो बार (9 55, 13 43) हुआ है।

1201 मे (द्वादशवार प्रयुक्तम पू० 7 2 9 15, 13 2 7 23, उ० 14 3 15 33, 18 3 13 58, 22 1 5 10, 44 3 18 33, 47 3 17 48, 49 1 2 4, 59 1 9 11, 50 3 23 39 53 1 7 14, 54 1 5 19), अस्मत+ङस, सवनाम, षष्ठी, एकवचन, यक्षस्य (चरित्र), मम (चरित्र-14), मम (चरित्र 18), मम (सजी 7), मम (सजी 14), मम (सजी 18), मम (सजी-

Sampath_eBooks

47), मम (सजी 50), मम (सजी 54), मदीयया (पचिका 18), मम (पचिका 44), मम (पचिका 46), मम (पचिका 50), मम (पचिका 53), मम (पचिका 54), पुरोवर्त्तिनो मम दशा ताव तव नयनगोचरा अतोऽह दयाविषय एवेति भाव । (विद्युल्लता 7), मम प्रियाया (सुबोधा 7), मत्सकाशादित्यय (विद्युल्लता 13), मम (सुबोधा 13), मम (सुबोधा 14), मम (सुबोधा 18) मम (सुबोधा 50) मम (सुबोधा 53) मम (सुबोधा 54)

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग एक सौ बयासी बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्र थो मे इसका प्रयोग इस प्रकार है —रघु० (59) शाकु० (42) विक्रम० (32) मालवि० (22) कुमार० (15)

विस्तृत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश'।

1202 मेखलासु (पू० 12 2 11 22) मेखला+सुप, सज्ञा, सप्तमी बहुवचन, सानुषु (प्रदीप), मध्य-प्रदेशेषु (चरित्र), कटकेषु (सजी) 'अथ मेखला श्रोणीस्थाने अद्रिकटके कटिब धेभब धने' इति यादव, (सजी), कटकेषु, बहुवचनेन वह्वाश्चय दिदक्षया तत्र तत्र भगवतो विहरण व्यज्यते, मेख-लास्वङ्कितमित्यत्र भक्तसमापि, तेऽपि कनकपट्टादिनिविष्टानीष्टदेवताचरणप्रतिबिम्बानि कण्ठ-सूत्रकटिसूत्रादिषु धारयन्ति, यथा 'श्रीकण्ठपदलाञ्छनो भवभूतिर्नाम कवि' इति। "अथ मेखला। श्रोणीस्थानेऽद्रिकटके कटिव धेऽसिब धने" इति वैजयन्ती। अनन महापुरुषाभिगम्य-त्वमप्यस्यति स्फुरति। (विद्युल्लता), कटकप्रदेशषु (सुबोधा) "मेखलाद्रेर्नितम्बेस्यात काच्या मि"ति बल। (सुबोधा)

1203 मेघ (पू० 5 1 4 18) मेघ+सु, सज्ञा, एकवचन, मेघ (सर्वत्र) पयोधर (विद्युल्लता)

कालिदास की कृतिया मे प्रस्तुत पद का प्रयोग पाच बार हुआ है। मेघदूत के अति रिक्त इसका प्रयोग रघु० मे दो बार (14 53, 18 38) शाकु० (510 3) तथा विक्रम० (124 8) मे एक एक बार हुआ है।

1204 मेघम (पू० 2 3 12 50) मेघ+अम्, सज्ञा, द्वितीया एकवचन, बादल को।

1205 मेघालोके (पू० 3 3 10 31) मेघ+ङस+आलोक+ङि, षष्ठी तत्पुरुष, सप्तमी एकवचन, मेघस्य आलोको दशन तस्मिन् सति (चरित्र) मेघदशने सति (सजी) विरहिणा मेघदशनमुद्दीपन भवतीति भाव (सजी) नवजलधरदशने (विद्युल्लता), मेघस्यालोके दशने (सुबोधा) बादलो के दिखाई पडने पर गरमी की उष्णता से छुटकारा दिलाने के कारण वर्षा का आगमन जनता को सुखप्रद होता है। कामियो को तो यह बडा उत्तेजक होता है। वर्षाऋतु मे विरहियो की वेदना सस्कृत साहित्य का एक मुख्य विषय है।

1206 मेचके (पू० 62 4 14 70) मेचक+ङि, विशेषण, सप्तमी, एकवचन, नीले। कृष्णे नीलासित श्यामकालश्यामलमेचका' इत्यमर (प्रदीप) नीले, "कृष्णे नीलासितश्यामलकालश्याममेचकाः' इत्यमर (चरित्र), श्यामले, 'कृष्णे नीलासितश्यामकालश्यामलमेचका' इत्यमर (सजी), नीले (सुबोधा)

1207 मैथिली (उ० 39 1 4 8) मैथिली+सु, सज्ञा, प्रथमा, एकवचन, सीताम (चरित्र), सीता (सजी), सीता (पचिका), मैथिली सीता शुश्रावरामावातीम् (सुबोधा) मिथिलाया ईश्वर. मैथिल। मैथिलस्यापत्य स्त्री मैथिली। मिथिला के राजा जनक विदेह की पुत्री। यह देश मगध के उत्तर पूर्व मे गण्डकी और कोसी नदियो के बीच मे स्थित आधुनिक पुर्निया जिला था। यह नेपाल में मधुबनी के उत्तर मे जनकपुर ही है। आज भी यह प्रदेश मिथिला कहलाता है। इस उपमा से यक्षपत्नी के उच्च कुल, पातिव्रतधम और यक्ष की परम आसक्ति का परिचय मिलता है। इस अप्रस्तुत योजना के द्वारा यक्षपत्नी की सीता जी के साथ तुलना प्रस्तुत की गयी है। मैथिली शब्द से केवल सीरध्वज जनक की ही नहीं अपितु मिथिला मे उत्पन्न भूत एव तदा-

Sampath_eBooks

नी तन निमिवश एव जनकवश के राजर्षियो के बीच अतिपवित्र आत्मचरित के कारण पावन अलङ्कार बन चली हुई सज्ञिनी की प्रतीति होती है। साथ ही सीता की उपमानता से यक्षाङ्गना गत चरित्र की पवित्रता, कुलीन्ता और स्त्रीरत्नता प्रकाशित होती है। पूर्ण सरस्वती के शब्दो मे—"मैथिलीत्यनेन न केवल सीरध्वजस्यैव, कि तु मिथिलाभवानामतीतानामागामिनाञ्च राजर्षिणामतिपवित्रेण निजचरित्रेण पावन्यलङ्कारभूता चेति ध्वयते। मैथिलीव वीक्ष्यत्यनेन, यथा देवी सीता वातात्मज हृषविस्मयस्नेहबहुमानविश्वासोत्कण्ठाशबलितहृदयमवलोकिनवती तथा त्वा मदगेहिनीति व्यज्यते। उपमानेन निजचरित्रनिष्कलङ्कत्वम, महाभिजनत्वम स्त्रीरत्नत्वञ्च नायिकाया प्रकाश्यते।" (विद्युल्लता)

कालिदास की कतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग रघु० मे एक बार (15 73) हुआ है।

1208 मोक्ष (पू० 64 3 9 43) सज्ञा, मोचन (सुबोधा)

कालिदास की कतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त इसका प्रयोग मालवि० मे एक बार (150 1) हुआ है।

1209 मोघा (पू० 6 4 18 39) मोघा+सु, विशेषण, स्त्रीलिंग, प्रथमा, एकवचन, अलाभ अप्रिय (प्रदीप), निरथक (चरित्र), निष्फला (सजी), प्रयोजनवन्ध्या (विद्युत), व्यर्था (सुबोधा)

1210 मोघीकर्त्तुम (पू० 43 4 20 42) मोघ+च्वि+क+तुमुन, अव्यय, निष्फलानि विधातुम् (चरित्र), विफलीकर्त्तुम (सजी), निष्फलानि कर्त्तुम, प्रणयपिशुनाना प्रमदाविलोकनाना प्रियप्रावण्यफलत्वात् तदनभिनन्दनेन त्वयि व्रजति सति नितरा तव नीरसत्व भविष्यतीति भाव (विद्युल्लता), व्यर्थीकर्त्तुम (सुबोधा)

1211 मोचयिष्यति (उ० 32 3 15 44) मुच+णिच+लट, प्रथम पुरुष, एकवचन, तिङन्त, तथा दु खितां ता विलोक्य त्वमपि रोदयिष्यसि इत्यथ (चरित्र), 'द्विकमसु पचादीनां उपसख्यानमि'ति मोचे पचादित्वात् द्विकर्मत्वम् (सजी), त्याजयिष्यति (पचिका) दुहेरिव मुचेरपि द्विकर्मकत्वात् त्वामस्र मोचयिष्यतीति (पचिका), मल्लिनाथ इसे पचादिगण मे रखकर इसे द्विकमक मानते हैं। इसी प्रकार उ० मे० 36 के त्याजित को। वस्तुत √मुचगत्यथक है। अत साधारण अवस्था का इसका कर्ता णिज त मे कम बन जाता है और इस प्रकार इसके योग मे दो कम आ सकते है। मुच धातु से णिच करने पर लट का यह रूप है। मल्लिनाथ ने इसे द्विकमक माना है। परन्तु श्री शारदारञ्जन इसे ठीक न मानकर 'मुच+णिच' को गत्यर्थक मानकर "गतिबुद्धिप्रत्यवसानार्थकर्माकमकाणामणि कर्त्ता स णौ (1 4 52) से इस प्रयोग को साधु माना है। पचादि के आकृतिगण होने के नाते मल्लिनाथ की बात ठीक है और साथ ही सुधाकर ने भी लिखा है—"जयते कषतेमन्थेर्मुषेदण्डयते पचे। तारेग्रहेस्तथा मोचेस्त्याजेर्दीपेश्च सग्रह।

य

1212 य (षडवार प्रयुक्तम् पू० 8 4 22 56, 17 4 20 78, 26 3 11 33, 61 3 11 65, उ० 38 3 12 33, 42 1 6 11) यत्+सु, पुल्लिङ्ग, सवनाम, प्रथमा, एकवचन, कैलास (चरित्र 61), नीचैर्गिरि (सजी 26), कैलास. (सजी 61), अम्बुवाहो मेघ (सजी 38), यः इति

Sampath_eBooks

अम्बुवाहापेक्षया पुस्त्वम (पचिका 38) पुमान, उत्तरवाक्यगतो यच्छब्द सामर्थ्यात पूर्ववाक्यं गत तच्छब्दमाक्षिपति, यथा—कुमारसभवे— किं येन सृजति व्यक्तमुत येन विभर्षि तत' इति। यथा माघे—'अमृत नाम यत्स तो म त्रिजिह्वेषु जुह्वेति' इति। (विद्युल्लता), कैलास (सुबोधा 61)

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग सडसठ बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त शेष ग्र थो मे इसका प्रयोग इस प्रकार है —रघु० (26) शाकु० (11) कुमार० (10) विक्रम० (8) मालवि० (5)

विस्तत विवरण के लिए द्रष्टव्य प्रस्तुत सम्पादक की कृति 'कालिदास पदकोश'

1213 यक्ष (पू० 1 3 9 34), यक्ष+सु, सज्ञा, प्रथमा, एकवचन, देवयोनिविशेष (प्रदीप), गुह्यक (चरित्र०), देवयोनिविशेष, 'विद्याधराप्सरो यक्षरक्षोग ०वकि नरा पिशाचो गुह्यक सिद्धो भूतोऽमीदेवयोनय' इत्यमर (सजी०), जात्यैव य सुखोचितो निरतिशयैश्वर्यशाली निरूपम रूपादिगुणसम्पन्नश्च, अस्य ह त तस्यवेदृशी दशा दैववशात् उपगतेति भाव। तथा कुमारसभवे—'यक्षा किम्पुरुषा पौरा' इति, यत्र यक्षकिम्पुरुषा पौरा तत्पुर कथ वण्यत इत्यनेन यक्षाणा लोकोत्तरगुणशालित्व सूचितम् (विद्युल्लता), यक्ष इति रूढमपि स्वाभाविककामित्व प्रतिपादयति, इद काम अक्षतीति एव निपातात, दूरक्षयो यस्य च, एव इत्यक्तमक्षमिद्रिय यस्येति च व्युत्पत्त (सुबोधा), देवयोनिविशेष (सुबोधा)

यक्ष ने। एक प्राचीन जाति। देवता या देवयोनि के रूप मे यक्षो का उल्लेख भारतीय साहित्य मे है। बौद्ध, जैन और ब्राह्मण तीनों साहित्यो मे यक्षो की पूजा और यक्ष जाति के उल्लेख पाये जाते है। महाभारत मे अनेक प्रकार से यक्षो का वणन है। शुङ्गकाल (ई० पू० दूसरी शती) से लेकर गुप्तकाल तक भारतीय कला और साहित्य मे प्राय यक्षो का अभिप्राय पाया जाता है। उसी पृष्ठभूमि मे कालिदास ने अपने इस काव्य मे यक्ष को रसिक प्रेमी के रूप मे कल्पित किया है।

देवताओ की एक योनि का नाम है। ये कुबेर के दास बताए गये हैं। कुबेर को अगले सातवें पद्य मे यक्षेश्वर कहा है। ये यक्ष कुबेर के बागो और कोशो की रक्षा करते हैं। इस पद की व्युत्पत्ति कई प्रकार से हो सकती है—(1) यक्ष्यते पूज्यते इति यक्ष। ये कुबेर के सेवक है और ससार से पूजित है। अथवा अ सराये इनसे प्रेम करती है। पर तु इस काव्य के अनुसार यक्षो की अपनी पत्नियाँ आदि होती हैं। देखो उ० मे० 6—अमरप्रार्थिता यत्र कन्या (2) इ (काम) अक्ष्णो यस्य इति यक्ष। कामी अनुरागी। (देखो उ० मे०—7,9) (3) इ काम, तस्य इव अक्षिणी यस्य इति यक्ष। परम रूपवान् (देखो उ० मे० 34) (4) भगीरथ के मत मे—जक्षति खादन्ति शिशूनिति जक्षा। जक्षा० का यक्षा बन गया। भास के स्वप्न नाटक मे उल्लिखित अवन्तिसुन्दरी नाम की यक्षिणी का सम्बन्ध तीसरी व्युत्पत्ति से प्रतीत होता है। चौथी व्युत्पत्ति की अमरकोष के टीकाकार ने निन्दा की है। "Occasionally, indeed the yakshas appear as imps of evil but in general their character is perfectly inoffensive (wilson) अर्थात् यद्यपि कभी कभी यक्ष राक्षसरूप मे भी आते हैं परन्तु साधारणतया वे पुण्यात्मा ही हैं। वेद मे यह पद धन पूजा, यज्ञ आदि का द्योतक है। यहाँ यह √यज से बना है। यजति यजते वा इति यक्ष—यही इसकी मूल व्युत्पत्ति प्रतीत होती है। श्री साधुराम यक्षो को आसामस्थ एक पावतीय गण मानते हैं। हमारा विचार है कि मेघदूत के यक्ष पौराणिक देवयोनि ही हैं। वे पुण्यात्मा ही हैं। जब-जब उनका राक्षस रूप मे वर्णन होता है तब तब उन्हे जन हिंसक (Hnting Head) पावतीय गण मानना उचित होगा। चौथी व्युत्पत्ति का सम्बन्ध इसी जाति के व्यक्तियो से है। ये नरदेव अथवा गन्धव

Sampath_eBooks

श्रेणी से सम्बन्ध रखते हैं। ये धन के देवता कुबेर के सेवक कहे गये हैं, इस कारण कुबेर को 'यक्षेश्वर' भी कहा जाता है, देखिये श्लोक 7 'ग तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणाम'। यक्षो का काम कुबेर के उद्यानो और कोश की रक्षा करना है। यक्ष शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है 'यक्ष्यते पूज्यते इति यक्ष' अथवा 'इ काम तस्य इव अक्षिणी यस्य' अथवा 'इ अक्ष्णो यस्य' इति।

1214 यक्षा (उ० 5 1 2 2) यक्ष+जस, सज्ञा, प्रथमा, बहुवचन, देवयोनिविशेष (सजी), गुह्य केश्वरा (पचिका), यहाँ यक्षो को कामी के रूप मे चित्रित किया गया है। देखो पू० मे०। मे यक्ष पद पर टिप्पणी। अमरसिंह के अनुसार 'यक्ष' एक देवयोनि है। इस शब्द की व्युत्पत्ति से भी यह बात द्योतित होती है। "√यक्ष पूजायाम्" (चुरादि) धातु से "अकतरि च कारके सज्ज्ञायाम" (अष्टा० 3 3 19) के अनुसार कर्म मे घञ् प्रत्यय करके 'यक्ष' शब्द निष्पन्न होता है। बहुव्रीहि व्युत्पत्तिया भी भानुजी दीक्षित ने प्रस्तुत की है। उनसे भी इस रचना के द्वारा अर्थान्तर सक्रमितवाच्यध्वनि प्राप्त होगी —"इ काम तस्येव अक्षिणी अस्येति वा, इ रक्षिषु यस्येति वा। 'बहुव्रीहौ सक्थ्यक्ष्णो स्वाङ्गात षच, (अष्टा० 5 4 113) इति षच।" यहा भी धर्मान्तरपरिणतसज्ज्ञी की प्रतीति होगी सज्ज्ञिमात्र की नही। पद्मि यातोद्यविशेषसवलितमधु-पाननिरतकाममयत्वधर्मान्तर की ओर हमे ये ही व्युत्पत्तियाँ ले जायेंगी और तभी सोपादानात्मकता भी चरितार्थ होगी। इन यक्षो को देवरूप मे बौद्ध, जैन और ब्राह्मण तीनो मानते थे। शुङ्गकाल से लेकर गुप्तकाल तक 'यक्ष' सारी भारतीय कलाओ पर छाये हुए थे। कालिदास की कल्पना उसी से प्रेरित हुई होगी।

कालिदास की कृतियो मे प्रस्तुत पद का प्रयोग दो बार हुआ है। मेघदूत के अतिरिक्त कुमार० मे एक बार (6 39) इसका प्रयोग हुआ है।

1215 यक्षेश्वराणाम (पू० 7 3 17 39) यक्ष+आम्+ईश्वर+आम, षष्ठी तत्पुरुष, सज्ञा, बहुवचन, यक्षमुख्यानाम (प्रदीप), यक्षश्रेष्ठानाम। यक्षेश्वराणामिति बहुवचनेन तत्रत्याना धनदसाम्य सूचितम (चरित्र), वैश्रवणस्य, तदनुवर्त्तिना च मणिभद्रादीनाम (विद्युल्लता), यक्ष श्रेष्ठानाम (सुबोधा) यक्षेश्वरशब्देन यक्षश्रेष्ठ उच्यते यक्षशब्द उत्तरपदस्थ श्रेष्ठार्थोऽपीति बद्धा। किंवा यक्षेश्वर कुबेर, गौरवे बहुवचनम्। (सुबोधा) कुछ इसे गौरव मे बहुवचन मानकर इसका अर्थ कुबेर भी करते हैं। देखो सारो० और सु० वि० द्वारा उदधृत हेमचन्द्र (2 2 124) का लेख—गुरावेकश्चेति पूज्यत्वाद बहुवचनम। पर तु प्रकरण मे 'श्रेष्ठ यक्ष' अथ अधिक उपयुक्त है।

